

## पू वाले किरदार में आलिया भट्ट ने इब्राहिम को किया माइनस

फिल्म कभी खुशी कभी गम से करीना कपूर के कॉलेज वाले सीन को आलिया भट्ट ने रीक्रिएट किया है, जिसमें वह कॉलेज में नखरे दिखाती नजर आई थीं। यहां आलिया भट्ट के सामने सैफ के बेटे इब्राहिम भी हैं, जिन्हें वह छांट देती हैं, लेकिन देखिए क्या हुआ जब रणवीर उनके सामने पहुंचे। फिल्म कभी खुशी कभी गम को रिलीज हुए 20 साल पूरे हो गए। मल्टीस्टारर इस फिल्म में करीना कपूर ने अपने ग्लैमरस अंदाज से दर्शकों का दिल खूब जीता था। करीना कपूर का वह सीन काफी चर्चा में रहा था, जिसमें वह पू वाले रोल में अपने कॉलेज में जलवे दिखाती नजर आ रही थीं। इस सीन में करीना अपने सामने आनेवाले लड़कों में उनकी कमियां गिनाते हुए उन्हें छांटती दिखी थीं। अब इसी सीन को आलिया भट्ट ने रीक्रिएट किया है। आलिया भट्ट ने अपना यह वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जिसमें करीना की ही तरह वह नखरे दिखाती नजर आ रही हैं। झ३ळ के इसी कॉलेज वाले सीन को रीक्रिएट करती दिख रही हैं आलिया। वीडियो में आलिया भट्ट श्पूश बनी दिख रही हैं और उनके सामने लड़कों की लाइन लगी नजर आ रही हैं। इस लाइन में सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान भी नजर आ रहे हैं और आखिर में इस कतार में रणवीर सिंह भी खड़े हैं।

## सरगुन मेहता से फैमिली प्लानिंग को लेकर लोगों ने पूछा सवाल

तितलियां गाने से म्यूजिक इंडस्ट्री में धमाल मचाने वाली सरगुन मेहता ने कई टीवी सीरियल्स में काम किया। अभी एक्टिंग और डांसिंग के अलावा वह उड़ारियां को भी प्रड्यूस कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने लोगों को फैमिली प्लानिंग के बारे में भी खुलकर जवाब दिया है। फुलवा सीरियल से अपनी पहचान बनाने वाली सरगुन मेहता ने आठ साल पहले टीवी ऐक्टर रवि दुबे से शादी की थी। इतना लंबा रिश्ता होने के बावजूद लोग इनसे फैमिली प्लानिंग के बारे में सवाल कर रहे हैं। मतलब इनका बेबी कब होगा, कब करेंगे, ऐसे सवाल पूछे जा रहे हैं। हालांकि ऐक्ट्रेस ने रिप्लाई किया है और ऐसा तगड़ा जवाब दिया, जिसे सुनकर लोगों के मुंह बंद हो जाएंगे। एक इंटरव्यू के दौरान शरगुन कहती हैं, रवि और मैं पहले से ही पिछले आठ सालों से एक खुशहाल परिवार हैं। तो लोग क्यों पूछते रहते हैं कि मैं परिवार आगे बढ़ाउंगी? क्या रवि और मैं पहले से ही दो खुश लोगों का परिवार नहीं हैं? मैं तो किसी से नहीं पूछती कि आपके बच्चे हैं या नहीं, या फिर आपका एक बच्चा है तो दूसरा कब करेंगे।

## मिस यूनिवर्स हरनाज संधू पहले ही साइन कर चुकी हैं दो फिल्म



नाम– हरनाज संधू, उम्र– 21 साल, जन्म– चंडीगढ़। इन तीन जानकारियों का रट्टा मार लीजिए। इसलिए कि हरनाज संधू की रफ्तार मिस यूनिवर्स 2021 का ताज जीतने के बाद बढ़ने वाली है। लारा दत्ता ने इससे पहले साल 2000 में हिंदुस्तान के लिए यह खिताब जीता था। 21 साल बाद हरनाज ने अब इतिहास रचा है। लारा दत्ता से भी पहले सुष्मिता सेन ने 1994 में मिस यूनिवर्स का ताज जीता था। जाहिर तौर पर पंजाबी बाला हरनाज को लेकर देश और दुनिया की दिलचस्पी बढ़ गई है। लोग न सिर्फ उनके बारे में अधिक से अधिक जानकारी चाहते हैं, बल्कि यह भी जानना चाहते हैं कि हरनाज की अब आगे की क्या प्लानिंग है। वैसे, दिलचस्प बात यह है कि इजराइल में मिस यूनिवर्स 2021 का ताज जीतने से पहले ही हरनाज दो फिल्में साइन कर चुकी हैं। यानी वह सुष्मिता और लारा से पहले ही दो कदम आगे हैं!

# विक्की कौशल की सैम बहादुर में दंगल गर्ल्स की एंट्री

*विक्की कौशल जहां इन दिनों कटरीना कैफ संग अपनी शादी के कारण चर्चा में हैं, वहीं विवाह के तीन दिन बाद अब वह अपनी अपकमिंग फिल्म सैम बहादुर भी सुर्खियों में हैं। देश के सबसे महान वॉर हीरोज में शुमार फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की बायोपिक में विक्की कौशल जहां लीड रोल प्ले कर रहे हैं, वहीं अब उन्हें पर्दे पर उनकी लीडिंग लेडीज भी मिल गई हैं। जी हां, मेघना गुलजार के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में दंगल गर्ल्स की एंट्री हुई है। फिल्म में सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख चैलेंजिंग रोल्स में नजर आएंगी। दोनों ने आमिर खान के साथ दंगल से डेब्यू किया था। यह दूसरा मौका है, जब दोनों हसीनाएं एक बार फिर पर्दे पर साथ दिखेंगी।*

**1971 के युद्ध के हीरो थे सैम मानेकशॉ**

इसी साल 3 अप्रैल को सैम मानेकशॉ के जन्मदिन पर फिल्म के टाइटल सैम बहादुर की घोषणा हुई थी। जबकि 13 दिसंबर को मेघना गुलजार के जन्मदिन पर सान्या और फातिमा की फिल्म में कास्टिंग को लेकर घोषणा की गई है। साल 1971 की जंग के नायक फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ को सैम बहादुर नाम से पुकारा जाने लगा था। सैम मानेकशॉ ने अपने 40 साल के मिलिट्री करियर में 5 लड़ाइयों में न सिर्फ हिस्सा लिया था, बल्कि सबसे आगे देश के प्रहरी बनकर चट्टान की तरह खड़े नजर आए थे। वह इंडियन आर्मी के पहले ऐसे अधिकारी थे जिनका प्रमोशन फील्ड मार्शल की पोस्ट पर हुआ था। दिलचस्प बात यह भी है कि इस साल 1971 के युद्ध के 50 साल भी पूरे हो गए हैं।

**सान्या बनेंगी सिल्लू मानेकशॉ, फातिमा बनेंगी इंदिरा गांधी**





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सैम बहादुर में विक्की कौशल जहां सैम मानेशॉ का किरदार निभाएंगे, वहीं सान्या मल्होत्रा उनकी पत्नी सिल्लू के किरदार में नजर आएंगी। फील्ड मार्शल मानेकशॉ ने कई मौकों पर यह कहा था कि उनकी पत्नी ही उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं। फिल्म में फातिमा सना शेख देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में नजर आएंगी।

**मेघना बोलीं- मेरे पास जश्न मनाने की कई वजहें**

दोनों ऐक्ट्रेसेज की कास्टिंग से खुश मेघना गुलजार कहती हैं, मेरे पास जश्न मनाने के लिए बहुत कुछ है... 1971 के युद्ध में हमारी सेना की ऐतिहासिक जीत के 50 साल पूरे होने का हमें गर्व है। सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख का श्सैम बहादुरश की टीम में शामिल होना रोमांचक है। फिल्म में इन दोनों ही किरदारों के लिए बहुत ही संवेदनशीलता, गरिमा और संयम की जरूरत है। मैं सान्या और फातिमा के साथ काम करने को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं।

**विक्की बोले- दोनों संग काम करने को एक्साइटेड हूं**

नए–नवेले दूल्हे राजा विक्की कौशल कहते हैं, सान्या और फातिमा सैम बहादुर में अधिक सब्सटेंस ले कर आई हैं। मैं उनके साथ पहली बार काम करने को लेकर एक्साइटेड हूं। दोनों ही पर्दे पर उन किरदारों को निभा रही हैं, जिनकी पर्सनैलिटी बहुत ही स्ट्रॉन्ग रही है। मैं मानेकशॉ परिवार में दोनों का स्वागत करता हूं।

**सान्या को है सेट पर पहुंचने का इंतजार**

दूसरी ओर, फिर से जुड़ने को लेकर सान्या मल्होत्रा भी काफी खुश हैं। वह कहती हैं, श्हर महापुरुष की सफलता के पीछे एक महिला जरूर होती है। फील्ड मार्शल सैम बहादुर के लिए वह सहारा और ताकत उनकी पत्नी सिल्लू मानेकशॉ थीं। मैं इस किरदार को निभाने और इस वॉर हीरो की लाइफ की अहम भूमिका से जुड़कर सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं मेघना गुलजार की भी बहुत आभारी हूं और सेट पर लौटने का इंतजार कर रही हूं।

**फातिमा ने रोल को बताया चैलेंजिंग**

सान्या की तरह ही फातिमा सना शेख कहती हैं, मैं सैम बहादुर फैमिली में शामिल होकर और भारतीय इतिहास की सबसे प्रभावशाली और चर्चित महिलाओं में से एक की भूमिका निभाने को चुनौती के तौर पर ले रही हूं। फिल्म को लेकर जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा एक्साइट किया है, वह है मेकर्स का इसको लेकर जुनून।

# कटरीना कैफ की शादी में बहनों के हाथों में थी फूलों की चादर

*कटरीना कैफ विक्की कौशल से शादी के बाद से लगातार अपने इस स्पेशल डेज की तस्वीरें शेयर कर रही हैं। कटरीना की नई तस्वीरें बहनों के साथ हैं, जो शादी के दौरान की हैं। इन तस्वीरों में कैट की बहनें ब्राइड मेड बनीं उनके साथ चलती नजर आ रही हैं। कटरीना ने इन तस्वीरों को शेयर कर लिखा है, श्बड़े होते हुए हम बहनों ने हमेशा एक–दूसरे को प्रोटेक्ट किया है। ये मेरे लिए पिलर्स यानी एक मजबूत स्तम्भ की तरह है और हमने खुद को एक–दूसरे से जोड़ रखा है।*



कटरीना कैफ ने नई तस्वीरें बहनों के साथ हैं, जो शादी के दौरान की हैं। इन तस्वीरों में कैट की बहनें ब्राइड मेड बनीं उनके साथ चलती नजर आ रही हैं। कटरीना ने इन तस्वीरों को शेयर कर लिखा है, बड़े होते हुए हम बहनों ने हमेशा एक–दूसरे को प्रोटेक्ट किया है। कटरीना कैफ विक्की कौशल से शादी के बाद से लगातार अपने इस स्पेशल डेज की तस्वीरें शेयर कर रही हैं। कटरीना की नई तस्वीरें बहनों के साथ हैं, जो शादी के दौरान की हैं। इन तस्वीरों में कैट की बहनें ब्राइड मेड बनीं उनके साथ चलती नजर आ रही हैं। कटरीना ने इन तस्वीरों को शेयर कर लिखा है, बड़े होते हुए हम बहनों ने हमेशा एक–दूसरे को प्रोटेक्ट किया है। ये मेरे लिए पिलर्स यानी एक मजबूत स्तम्भ की तरह है और हमने खुद को एक–दूसरे से जोड़ रखा है। ऐसा ही हमेशा बरकरार रहे।श इन तस्वीरों में फूलों के चादर लिए कैट के साथ चलती दिख रही हैं।
कटरीना और उनकी बहनें विदेश में पली–बढ़ी हैं, लेकिन कैट की इंडियन शादी में सभी देसी अंदाज में नजर आ रही हैं। कटरीना की बहनें शादी के रिचुअल्स निभाती दिख रही हैं। बता दें कि कटरीना और विक्की ने राजस्थान के सवाई माधोपुर में 9 दिसम्बर को शादी रचाई है। 7 दिसम्बर से 9 दिसम्बर तक शादी का कार्यक्रम चला, जिसमें दोनों एक्टर्स की फैमिली और इंडस्ट्री से कुछ फ्रेंड्स भी शामिल हुए।